Skyweb Infotech Limited

Reg. Office: K-20, 2nd Floor, Lajpat Nagar-II, New Delhi-110024
Tel.: 0120-6721900 I **Email**: info@skywebindia.in I **Web**: www.skywebindia.in
CIN No. : L72200DL1985PLC019763

Ref. No. - SIL/CO/SE/2021-22/38 **12th November, 2021**

To
Listing Department,
Metropolitan Stock Exchange of India Limited,
Vibgyor Towers, 4th floor, Plot No. C 62,
G - Block, Opp. Trident Hotel,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E), Mumbai – 400 098

SYMBOL: SKYWEB

Subject: Submission of Newspaper Clippings regarding publication of Extract of Unaudited Standalone & Consolidated Financial Results for the quarter ended 30th September, 2021

Dear Sir(s),

With reference to captioned subject, this is to inform you that pursuant to Regulation 47 and other applicable regulations of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the extract of Unaudited Standalone & Consolidated Financial Results of the Company for the quarter ended 30th September, 2021, has been published in the following newspapers on November 12, 2021:

1. Financial Express (English); and
2. Hari Bhoomi (Hindi)

Kindly take the same on your records.

Thanking You,
Yours truly
For Skyweb Infotech Limited

SKYWEB INFOTECH LTD. DELHI

Deepesh Gupta
Wholetime Director & CFO
DIN: 00469737

खबर संक्षेप

14 साल बाद पकड़ा गया दुष्कर्म मामले का भगौड़ा

नई दिल्ली। नई दिल्ली जिला पुलिस ने दुष्मर्क मामले में पिछले 14 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को समस्तीपुर बिहार से पकड़ा गया है। वह दुष्कर्म के एक मामले में 14 साल से फरार चल रहा था, इसके चलते पटियाला हाऊस कोर्ट ने उसे भगौड़ा भी घोषित कर रखा था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी दीपक यादव के अनुसार, वर्ष 2006 एक युवती ने डिफेंस कॉलोनी थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी अंडरग्राउंड हो गया था। पुलिस टीम उसे लगातार तलाशती रही, मगर पुलिस उसे ट्रेस नहीं कर सकी। मंदिर मार्ग थाने की एक पुलिस टीम को आरोपी के बारे में इनपुट मिला, जिसके बाद उसे समस्तीपुर बिहार स्थित घर से दबोच लिया। बाद में इसे साकेत कोर्ट में पेश किया गया।

बार एसोसिएशन के कर्मचारी का शव मिला

नई दिल्ली। राजधानी की तीस हजारी अदालत के एक कक्ष में बृहस्पतिवार की सुबह दिल्ली बार एसोसिएशन के 30 वर्षीय एक कर्मचारी का शव मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान मनोज के रूप में की गई है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने बताया कि पुलिस सूचना पाकर मौके पर पहुंची। मृतक दिल्ली बार एसोसिएशन का अस्थायी कर्मचारी था। डीसीपी ने बताया कि मृतक तपेदिक (टीबी) का मरीज था और शराब का आदी था। अदालत परिसर के पश्चिमी विंग में कक्ष के कूड़ेदान में खून की उल्टी पड़ी थी। अधिकारी ने कहा कि शव पर बाहरी चोट का कोई निशान नहीं है। मामले की जांच जारी है।

दंपति के विवाह पंजीकरण की याचिका पर जवाब दें प्राधिकारी

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने विवाह पंजीकरण से संबंधित मामले एक दंपति की याचिका पर बृहस्पतिवार को दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है। इस दंपति के मुताबिक उनकी शादी 40 साल पहले हुई थी लेकिन वे इसका पंजीकरण ऑनलाइन नहीं करा पा रहे हैं क्योंकि 1981 में हुई शादी के वक्त कानूनी रूप से कम उम्र होने की वजह से सॉफ्टवेयर आवेदन स्वीकार नहीं कर रहा है।

बस ने डिपो के अंदर सुपरवाइजर को कुचला

नई दिल्ली। सीमापुरी थाना इलाके में स्थित डीटीसी बस डिपो के अंदर क्लस्टर बस को बैक (पीछे) करने के दौरान बस ने सफाई कर्मचारियों सुपरवाइजर को कुचल दिया। हादसे में सुपरवाइजर की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक का नाम ओमवीर (42) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी बस चालक को पकड़ लिया। पकड़े गए बस चालक का नाम सुभाष है।

प्रदर्शन...

नई दिल्ली। ऑल इंडिया फोरम फॉर राइट टू एजुकेशन के सदस्यों ने नई शिक्षा नीति 2021 के विरोध में जंतर-मंतर पर किया प्रदर्शन।

डीयू में पसंदीदा पाठ्यक्रम और कॉलेज के लिए पंजीकरण का आज अंतिम दिन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के केंद्रीकृत पाठ्येतर गतिविधियों (ईसीए) उम्मीदवारों के पास अपने पसंदीदा पाठ्यक्रम और कॉलेज में पंजीकरण के लिए 12 नवंबर तक का समय है। विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रवेश के लिए रैंक के साथ प्रत्येक श्रेणी / उप श्रेणी के लिए पात्र उम्मीदवारों की एक केंद्रीकृत पाठ्येतर गतिविधियों (ईसीए) की मेरिट सूची जारी की थी। विश्वविद्यालय ने अपने प्रवेश संबंधी पोर्टल पर कहा कि विश्वविद्यालय यूजी प्रवेश पोर्टल पर केंद्रीकृत ईसीए मेरिट सूची के अनुसार पात्र उम्मीदवारों का डैशबोर्ड बुधवार, 10 नवंबर से शुक्रवार, 12 नवंबर तक कार्यक्रम और कॉलेज के आवंटन के वास्ते अपनी वरीयता दर्ज करने के लिए खुला रहेगा। पोर्टल पर विश्वविद्यालय ने कहा कि सभी पात्र उम्मीदवारों के पास अपने पसंदीदा पाठ्यक्रम और कॉलेज में पंजीकरण के लिए 12 नवंबर तक का समय है, इसके बाद उन्हें यह सुविधा नहीं मिलेगी।

बदमाशों ने पुलिस टीम पर चलाई तीन गोलियां

मुठभेड़ के बाद तीन बदमाश पकड़े, एक के पैर में लगी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आउटर नॉर्थ जिले के स्पेशल स्टाफ और बवाना थाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली भी लगी। पुलिस उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर गई, जहां उपचार के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाशों के नाम मनबीर उर्फ मोहित उर्फ रैंचो (24), नरेश (42) और मदन (36) है। आरोपी मनबीर राजेश बवाना गैंग का शार्प शूटर है। मनबीर के पैर में ही गोली लगी है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि तीनों आरोपी एक वारदात को अंजाम देने के लिए बवाना आए थे। इससे पहले पुलिस ने तीनों को दबोच लिया। आरोपियों पर पहले से ही कई मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के पास से देसी कट्टा, पिस्टल, 10 कारतूस और बाइक बरामद किये है। इनमें से तीन राउड किये गए थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।



- देसी कट्टा, पिस्टल, 10 कारतूस और बाइक बरामद
- आरोपियों पर पहले से दर्ज है कई आपराधिक मामले

डीसीपी बिजेंद्र यादव के अनुसार, पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि राकेश बवानिया गैंग के सदस्य बवाना इलाके में आने वाले है। आरोपियों में एक घोषित बदमाश भी है। आरोपियों पर हत्या, रॉबरी चोरी जैसे कई आपराधिक मामले दर्ज है। सूचना मिलते ही बवाना थाना पुलिस और स्पेशल स्टाफ की संयुक्त टीम बनाई गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर अपना जाल बिछा लिया। टीम ने देखा कि तीनों बदमाश एक बाइक बार पर सवार होकर उनकी ओर आ रहे है। पुलिस टीम मौका पाते ही बदमाशों को से घेर लिया। इसके बाद बदमाश वहां से भागने की कोशिश करने लगे। इस दौरान आरोपी मनबीर ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इस दौरान पुलिस टीम बाल-बाल बची। पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई कर फायरिंग की। इस दौरान आरोपी मनबीर के पैर में गोली लग गई। गोली लगने के बाद मनबीर वही गिर गया। इसके बाद पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों को मौके पर ही दबोच लिया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी मनबीर पूठ खुर्द गांव का रहने वाला है। वह बवाना थाने का घोषित बदमाश है।

प्रॉपर्टी डीलर की हत्या करने आये थे

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे सभी एक प्रॉपर्टी डीलर की हत्या करने के लिए बवाना आए थे। लेकिन इससे पहले पुलिस टीम ने उन्हें पकड़ लिया। आगे की जांच पुलिस को पता चला कि आरोपी मनबीर जब नाबालिग था। वह तब से राजेश बवाना के गैंग से जुड़ा है। वह दिल्ली-हरियाणा में हत्या, डकैती, चोरी समेत कई मामलों में वांछित है।

नीलम महाजन सिंह को इंटरनेशनल पीस एंड ह्यूमेनिटेरियन अवार्ड

नई दिल्ली। नई दिल्ली में ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड ऑफ इंडिया द्वारा इस्लामिक कल्चरल संटर में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार व मानवाधिकार अधिवक्ता नीलम महाजन सिंह को इंटरनेशनल पीस एंड ह्यूमेनिटेरियन अवार्ड 2021-22 से सम्मानित किया गया। 40 से अधिक वर्षों से पत्रकारिता में सक्रिय नीलम महाजन सिंह को यह अवार्ड मानवाधिकारों की रक्षा और नागरिक अधिकारों के लिए आवाज उठाने में उनके साहस व योगदान के लिए प्रदान किया गया है। नीलम महाजन सिंह ने इस अवार्ड के लिए चयन मंडल को धन्यवाद देते हुए मानवाधिकार की अपनी लड़ाई को जारी रखने का संकल्प दोहराया है।

दोस्ती में अनदेखा करने पर महिला को ब्लेड मारा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- तिमारपुर इलाके का मामला
- आरोपी पहले भी पीड़ित पर कर चुका है हमला

तिमारपुर थाना इलाके में एक सिरफिरे युवक ने दोस्ती में अनदेखा करने पर एक महिला पर ब्लेड से हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से होते समय पीड़िता का फोन लेकर फरार हो गया। पीड़िता ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस उसे लेकर अस्पताल गई, जहां पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने हत्या की कोशिश समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी का नाम सुशील उर्फ पोंटा (21) है। आरोपी वजीरपुर इलाके का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल एक बाइक और ब्लेड बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर आगे की जांच कर रही है। डीसीपी (नॉर्थ) सागर सिंह कलसी के अनुसार, गत नौ नवंबर को पीड़ति महिला अपने दो बच्चों को ट्यूशन छोड़ने के लिए नेहरू विहार जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में उसे उसका जानकार सुशील मिला। वह उसे जबरन बाइक पर बिठाकर एक जगह ले गया। जहां शेविंग ब्लेड से उसके गले पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। महिला के शोर मचाने पर आरोपी पीड़िता का फोन लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया। आरोपी को पकड़ने के लिए एक टीम बनाई गई। टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आरोपी सुशील को धर दबोचा। पुलिस को जांच में पता चला कि आरोपी ने गत साल अप्रैल में भी पीड़िता पर हमला किया था।

साउथ-ईस्ट जिला पुलिस ने अलग-अलग मामलों में पांच बदमाशों को पकड़ा

लाजपत नगर, गोविंदपुरी व कालकाजी पुलिस की कार्रवाई, सोने की चूड़ियां, लोहे की रॉड, मंगलसूत्र और दो चाकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

साउथ-ईस्ट जिले के लाजपत नगर थाना पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम आकाश कुमार, विक्की और मोंटू है। पुलिस ने इनके पास से एक जोड़ी सोने की चूड़ियां, एक लोहे की रॉड और एक मंगलसूत्र बरामद किया गया है। वहीं, कालकाजी और गोविंदपुरी थाना पुलिस ने दो चाकुओं के साथ दो आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी ईशा पांडे के अनुसार, गत 14 अक्टूबर को लाजपत नगर में चोरी के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को शिकायतकर्ता राजेश कुमार मिले। राजेश ने पुलिस को बताया कि जब वह लाजपत नगर स्थित अपने घर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि उनके घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ था। वह अंदर दाखिल हुए तो घर का पूरा फर्नीचर पूरी तरह अस्त-व्यस्त था। तलाशी लेने उन्हें पता चला कि चोरों ने उनके घर से सोने का मंगलसूत्र, 10000 रुपये कैश, दो सोने की चूड़ियां, एक चांदी की पायल और चार घड़ियां चोरी की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को पकड़ने के लिए एक टीम बनाई। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई। टीम को सीसीटीवी की मदद से आरोपियों के बारे में सुराग मिला। इसके बाद पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे नशे के आदी है।

पुलिस के हत्थे चढ़े दो बदमाश

गोविंदपुरी थाने में तैनात कांस्टेबल राम विलाश और नितिन इलाके में पेट्रोलिंग कर रहे थे। जैसे ही पुलिस टीम गांव तुगलकाबाद के पास पहुंची। इस दौरान पुलिस टीम ने देखा कि एक युवक उन्हें देखकर चोरी-छिपे चल रहा है। शक होने पर उसे रुकने के लिए कहा गया तो वह भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से चाकू मिला। आरोपी की पहचान रोहित के रूप में हुई। वहीं, कालकाजी थाने में तैनात कांस्टेबल लोकेश और सचिन ने आरोपी अमित उर्फ लालू को गिरफ्तार किया।

43 लाख रुपये की लूट में शामिल रहा बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने गांधी नगर इलाके में हुई करीब 43 लाख रुपए की लूट के मामले में फरार चल रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसे लाल बहादुर हॉस्पिटल के पास से पकड़ा। गिरफ्त में आये बदमाश का नाम शरीफ उर्फ फिरोज (31) है। वह सनलाइट कॉलोनी, ओल्ड सीमापुरी इलाके का रहने वाला है।



इसके पास से पुलिस ने एक स्कूटी भी बरामद की है। आरोपी साल 2015 में किडनैपिंग केस में भी अरेस्ट हो चुका है। डीसीपी मोनिका भारद्वाज के अनुसार एसीपी राजकुमार की टीम ने एक सूचना के आधार पर इस बदमाश को ट्रैप लगा लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल, ताहिरपुर रेड लाइट के पास से पकड़ा। इस पर सीमापुरी थाने में किडनैपिंग का एक केस दर्ज था। आरोपी ने पूछताछ में बताया इस साल फरवरी में उसने अपने सहयोगियों अनुभव, वरुण, आसिफ, जितेन्द्र, फैजल और जमाल के साथ मिलकर गांधी नगर इलाके में पिस्टल के बल पर एक शख्स से 42.70 लाख लूट थे।